संख्या- 12 /2019/1941/71-4-2019-जीएन-2/2019

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान,
ग्रेटर नोएडा।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 04 दिसम्बर, 2019

विषयः-वित्तीय वर्ष 2019-20 में राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कासना ग्रेटर नोएडा के गैर वेतन मद व अन्य आवश्यक व्ययों के वहन हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-रा.आ.स./वित्त/2019/155, दिनांक 09.11.2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक 2210-05-105-03-71 में 20-सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष बजट आवंटित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कासना, ग्रेटर नोएडा उनके सम्मुख अंकित 20-सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि 2500.00 लाख में से धनराशि रू0 1250.00 लाख की धनराशि शासनादेश संख्या 07/2019/544/71-4-2019-जीएन-2/2019 दिनांक 09.05.2019 के द्वारा स्वीकृत की गयी थी। आपके पत्र संख्या-रा.आ.स./वित्त/2019/155, दिनांक 09.11.2019 के साथ उपलब्ध कराये गये उपयोगिता प्रमाण पत्र के दृष्टिगत राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कासना, ग्रेटर नोएडा को उनके नाम के सम्मुख अंकित 20-सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 2500.00 लाख में से अवशेष धनराशि रू0 1250.00 लाख (रूपया एक हजार दो सौ पचास लाख मात्र) की धनराशि अवमुक्त करते हुए आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं।

क्र0संख्या	विश्वविद्यालय/संस्था का नाम	लेखाशीर्षक	मद	अवमुक्त धनराशि (रू0 लाख में)
1	राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कासना, ग्रेटर नोएडा	2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0371-राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कासना, ग्रेटर नोएडा	20-सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन)	1250.00
			योग-	1250.00

1- स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित मदों में सुसंगत नियमों के अधीन किया जाएगा।

2- धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार किया जाएगा तथा इसे आहरित कर किसी बैंक/डाकघर में नहीं रखा जाएगा।

3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22.03.2019 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

4- स्वीकृति धनराशि का व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा, इसके अभाव में अनुदान की आगामी किश्त निर्गत किया जाना संभव नहीं होगा।

5- धनराशि को कोषागार से संस्थान के वित्त नियंत्रक द्वारा आहरित किया जाएगा एवं बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे ।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/ दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिहित किए गये अधिकारों के अधीन अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

संख्या- 12**/2019/1941**(1)/71-4-2019-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकर, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।

3- कोषाधिकारी, कासना, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर।
4- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
5- वित्त अधिकारी, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कासना, ग्रेटर नोएडा।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग-2
7- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा सें,

(अनिल कुमार सिंह)
उप सचिव